**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 27.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान को ठहराया पूरी तरह वैध, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोगों से की मैपिंग अभियान से जुड़ने की अपील।**
2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए देशवासियों से की बड़ी अपील, दोपहर में बाहर न निकलने और बेजुबान पशु–पक्षियों के लिए भी पानी रखने की दी सलाह।**
3. **राज्य कैबिनेट की आज शाम चार बजे से रांची में होगी अहम बैठक, विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मिल सकती है स्वीकृति।**
4. **हज़ारीबाग में बड़ा हादसा–सेफ्टी टैंक से अवैध महुआ निकालने के दौरान दम घुटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।**
5. **रांची की नीतू कुमारी महतो बनीं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर, जापान में अंडर–एटीन एशिया कप में करेंगी अंपायरिंग।**

**********************

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए चुनाव आयोग के मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान को पूरी तरह वैध और संवैधानिक करार दिया है। अदालत ने इस प्रक्रिया को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद तीन सौ चौबीस और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत यह पुनरीक्षण कार्य कराने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

**********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से वोटर लिस्ट मैपिंग अभियान से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तकनीकी दिक्कतों से घबराने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों के नाम ऑनलाइन नहीं मिल पा रहे हैं, उनके लिए विशेष कैंप के बाद बीएलओ खुद घर–घर जाकर मैपिंग का काम पूरा करेंगे।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की रांची जिला समिति ने वोटर लिस्ट सुधार और बूथ मजबूत करने पर बैठक की। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कार्यकर्ताओं से सतर्क रहकर हर योग्य व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने की अपील की। जिला संयोजक मुस्ताक आलम ने कहा कि सभी प्रखंडों में बूथ समितियां मजबूत की जाएंगी।

**********************

देशभर में बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सावधानी बरतने की बड़ी अपील की है। सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में प्रधानमंत्री ने सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर जाने की सलाह दी है। उन्होंने लोगों से एक–दूसरे के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और घरों की छतों, दुकानों तथा बालकनियों में पशु–पक्षियों के लिए पानी से भरे बर्तन रखने का भी आग्रह किया है।

**********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के उस बयान पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरना, सनातन और हिंदू संस्कृति एक ही हैं। रांची में मीडिया से बातचीत में उन्होंने भाजपा पर आदिवासियों के बीच नफरत और भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

**********************

इधर, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के उस बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासियों को गुमराह करने और समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे रांची में राज्य मंत्रिपरिषद की अहम बैठक होगी। इस बैठक में सरकार के कई बड़े और महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बैठक में युवाओं और जनहित से जुड़े कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि निरंतर प्रयास, धैर्य और दृढ़ संकल्प से बड़े से बड़े लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। संस्कृत सुभाषितम में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इसी भावना के साथ देशवासी भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

********************

राज्य में जल्द ही आधुनिक इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस पहल से प्रदूषण कम होगा और लोगों को सस्ती तथा सुरक्षित यात्रा मिलेगी। योजना के तहत बुजुर्गों, छात्रों और जरूरतमंदों को मुफ्त या रियायती सफर की सुविधा दी जाएगी, जिससे लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

********************

केंद्र में मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर गुमला जिले की महिलाओं ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों ने कहा कि इस योजना ने उनकी जीवनशैली बदल दी है। अब लकड़ी के चूल्हे के धुएं और बीमारियों से मुक्ति मिल गई है, जिससे समय की बचत और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

********************

हज़ारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के कुद गांव में एक सेफ्टी टैंक के भीतर दम घुटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से बेहोश है। पुलिस के अनुसार, पुलिस के डर से टैंक में अवैध महुआ शराब छिपाकर रखी गई थी। देर रात उसे निकालने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से यह बड़ा हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी पीड़ितों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया।

********************

धनबाद के बैंकमोड़ थाना क्षेत्र में स्थित मिठाई की एक दुकान में आज सुबह शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। हादसे से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान संचालक के अनुसार इस घटना में करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

********************

घरेलू शेयर बाजार में आज बढ़त दर्ज की गई है। शुरुआती कारोबार में बंबई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स उनहत्तर अंक बढ़कर छिहत्तर हजार उन्यासी पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी सत्ताइस अंक की वृद्धि के साथ तेईस हजार नौ सौ इकतालीस पर कारोबार कर रहा था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 73 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

रांची की नीतू कुमारी महतो अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर बन गई हैं। वह झारखंड की दूसरी महिला अंतर्राष्ट्रीय अंपायर हैं। नीतू उनतीस मई से छह जून तक जापान में होने वाले अंडर–18 एशिया कप में अंपायरिंग करेंगी। हॉकी झारखंड ने उनकी इस बड़ी सफलता को राज्य के लिए गौरवपूर्ण बताया है।

********************